प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 1974 बैच की स्वर्ण जयंती एलुमनी मीट आयोजित

पन्तनगर। 9 दिसम्बर 2024। विश्वविद्यालय में पशुचिकित्सा महाविद्यालय के 1974 बैच की स्वर्ण जयंती एलुमनी मीट 6 से 8 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई, जिसमें 1974 बैच के 35 पूर्व छात्र अपने परिवार सहित शामिल हुए। कार्यक्रम 6 दिसंबर को प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। साथ ही पशुचिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डा. अमरेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. डी. कुमार रहे तथा कार्यक्रम का संचालन 1974 बैच के डा. ग्रोवर ने किया। मुख्य अतिथि डा. अमरेश कुमार ने 1974 बैच के साथ जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया। कुलपति डा. चौहान ने पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग बताते हुए एलुमनी नेटवर्क को और मजबूत करने पर जोर दिया। 1974 बैच ने महाविद्यालय में छात्र गतिविधियों को और सशक्त बनाने हेतु रू. 2 लाख रुपए का अनुदान भी दिया।

पूर्व विद्यार्थियों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार